स्कूल वैन ड्राइवर की इलाज के दौरान मौत

अस्पताल में हंगामा, परिजन के आरोप उपचार में लापरवाही बरती, एसडीएम बोले जांच कराएंगे

नवभारत न्यूज

मुरैना, 26 जुलाई । जाफराबाद गांव स्थित एक निजी स्कूल का वाहन चलाने वाले ड्राईवर बंटी उर्फ रामकुमार शाक्य (36) की सीने में दर्द की शिकायत के बाद जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक के परिजन ने अस्पताल के स्टाफ पर इलाज में लापरवाही बरते जाने के आरोप लगाते हुए हंगामा खड़ा कर दिया। मौके पर पहुंचें एसडीएम रामनिवास सिंह सिकरवार ने आक्रोशित परिजन को जांच के बाद उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया। तब कहीं जाकर हंगामा शांत हुआ।

जानकारी के अनुसार बागचीनी थाना क्षेत्र के ग्राम हड़बांसी निवासी बंटी उर्फ रामकुमार शाक्य पुत्र रामदीन शाक्य पेशे से ड्राईवर था। रामकुमार इन दिनों जाफराबाद गांव स्थित एक निजी स्कूल का वाहन चला रहा था। 26 जुलाई की सुबह जब रामदीन अपने घर पर था। तभी उसे सीने में दर्द की शिकायत हुई। परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचें, यहां चिकित्सकों सहित पैरामेडिकल स्टाफ ने रामकुमार की ईसीजी जांच की और सीपीआर सपोर्ट भी दिया। लेकिन रामकुमार के शरीर में हलचल नहीं दिखाई दी। जिसके बाद चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

रामकुमार की मौत की खबर सुनने के बाद परिजन ने अस्पताल में हंगामा मचाना शुरू कर दिया। परिजन द्वारा अस्पताल के कर्मचारियों पर इलाज में लापरवाही बरते जाने के आरोप लगाए जा रहे थे। हंगामे की खबर मिलने के बाद सिटी कोतवाली थाने का फोर्स और एसडीएम रामनिवास सिंह सिकरवार वहां पहुंच गए।

पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की समझाइश के बाद भी हंगामा शांत नहीं हुआ। इसी दौरान परिजन अस्पताल से सीधे कलेक्टर बंगला पहुचें और बंगले के बाहर हंगामा करना शुरू कर दिया। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस गुस्साए परिजन को समझा-बुझाकर अस्पताल लेकर आई।

यहां एसडीएम श्री सिकरवार ने परिजन को भरोसा दिलाया कि जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी। जिसके बाद परिजन का गुस्सा शांत हुआ। शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

नगरीय मतदाता सूची पुनरीक्षण को जिला समिति गठित

नवभारत न्यूज

मुरैना, 26 जुलाई । नगरीय निकायों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण-2026 को पारदर्शी एवं निष्पक्ष बनाने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी लोकेश कुमार जांगिड़ की अध्यक्षता में जिला स्तरीय स्टैंडिंग कमेटी का गठन किया गया है। समिति में प्रशासनिक अधिकारियोंए विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों तथा नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधियों को शामिल किया गया है।

समिति की पहली बैठक 30 जुलाई को शाम 5 बजे नवीन कलेक्ट्रेट सभागार मुरैना में आयोजित होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने समिति के सभी सदस्यों से निर्धारित समय पर उपस्थित होकर मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की है।

ढाबे पर डकैती की साजिश नाकाम, पांच बदमाश गिरफ्तार

हथियारों के साथ बोलेरो जीप बरामद

नवभारत न्यूज

मुरैना, 26 जुलाई । रामपुरकलां पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ढाबा पर डकैती की साजिश रच रहे पांच बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो अवैध हथियार, 07 जिंदा कारतूस, दो चाकू, एक लोहे की सरिया और वारदात में प्रयुक्त बोलेरो वाहन जब्त किया है। बरामद मशरूका की कीमत करीब 7.15 लाख बताई गई है।

जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि झारेला गांव के मोड़ के पास एक खेत में पांच बदमाश सिमरोदा किरार स्थित विनोद धाकड़ के ढाबा पर डकैती, लूटपाट करने की योजना बना रहे है। पुलिस ने बताए गए स्थान पर दविश देकर वहां से अजीत धाकड़ पुत्र रामनिवास धाकड़, दिनेश पुत्र भूप सिंह धाकड़, सुनील धाकड़ पुत्र जसवंत धाकड़, अमित श्रीवास पुत्र धवल श्रीवास, नीतेश शाक्य पुत्र चंद्रपाल शाक्य निवासीगण ग्राम माधौगढ़ कैलारस को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके से बोलेरो जीप क्रं. एमपी06-जेडसी-5692 के साथ 315 का एक कट्टा, एक अधिया समेत 7 जिंदा कारतूस, लोहे से बने धारदार दो चाकू, एक लोहे का सरिया बरामद किए। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध 11, 13 एमपीडीपीके एक्ट, आर्म्स एक्ट सहित अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है। कार्रवाई में थाना प्रभारी एसआई रामकुमार वर्मा, प्र.आर. संतोष बाथम, लोकेन्द्र परमार, प्रकाश अजनार, आरक्षक प्रहलाद सिंह, रजनेश यादव, मानवेन्द्र सिंह, हरिकिशोर सिंकह, अनूप सिसौदिया, हरेन्द्र सिंह शामिल थे।

कैलारस में युवक की मारपीट का मामला दर्ज

मुरैना, 26 जुलाई । थाना कैलारस पुलिस ने मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार चनौटी निवासी 21 वर्षीय महिला मंजेश जाटव की शिकायत पर दीपू जाटव के विरुद्ध बीएनएस की संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। घटना 23 जुलाई को फरियादी की ससुराल में हुई बताई गई है।

महिला से मारपीट, तीन पर मामला दर्ज

मुरैना, 26 जुलाई । थाना चिन्नौनी पुलिस ने महिला के साथ मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार बिरखापुरा निवासी खुशबू परमार (28) की शिकायत पर रामविलास परमार, संजय परमार और रानी परमार के विरुद्ध बीएनएस की संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। घटना 25 जुलाई को बिरखापुरा मार्ग पर हुई बताई गई है।

एक नजर में

आज दो सांदीपनि स्कूलों का लोकार्पण करेंगे विस अध्यक्ष तोमर



नवभारत न्यूज

मुरैना, 26 जुलाई । मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर आज 27 जुलाई को एक दिवसीय प्रवास पर मुरैना आएंगे। उनके साथ प्रभारी मंत्री करण सिंह वर्मा, कृषि मंत्री ऐंदल सिंह कंषाना एवं सांसद शिवमंगल सिंह तोमर सबलगढ़ और जौरा में नवीन सांदीपनि स्कूलों का लोकार्पण करेंगे। कार्यक्रम के अनुसार दोपहर 12 बजे सबलगढ़ तथा 3 बजे जौरा में लोकार्पण समारोह आयोजित होगा। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष कमलेश कुशवाह सहित जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

सरोजनी स्कूल में हुआ गुरु वंदन, मेधावी हुए सम्मानित

मुरैना, 26 जुलाई । सरोजनी विद्या निकेतन में भारत विकास परिषद के तत्वावधान में गुरु वंदन एवं छात्र अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विद्यालय की पूर्व छात्रा प्रिया अग्रवाल रहीं, जिनका हाल ही में लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक प्राध्यापक पद पर चयन हुआ है। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार ने प्रिया अग्रवाल एवं उनकी माताश्री का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में भारत विकास परिषद की रजनी गुप्ता, अर्चना शर्मा, गौरव मोदी, प्राचार्या एवं राज्य आनंद संस्थान की मास्टर ट्रेनर डॉ. क्षमा कौशिक, संचालक मणीन्द्र कौशिक सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

संचालक सतीश को दी श्रद्धांजलि, निजी स्कूल आज बंद रहेंगे

मुरैना/अंबाह, 26 जुलाई । पोरसा के अशासकीय स्कूल संचालक सतीश तोमर के निधन पर अंबाह के निजी स्कूल संचालकों ने रविवार को शोकसभा आयोजित कर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। शोकसभा में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि उनकी स्मृति में सोमवार को अंबाह क्षेत्र के सभी निजी विद्यालय बंद रहेंगे। संचालकों ने इसे शिक्षा जगत की अपूरणीय क्षति बताते हुए दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। शोकसभा का आयोजन एक निजी स्कूल में किया गया।

हरियाली तीज पर पौधरोपण करेगा अग्रवाल महिला मंडल

मुरैना/जौरा, 26 जुलाई । अग्रवाल महिला मंडल जौरा की बैठक रविवार को कस्बा जौरा स्थित अग्रसेन मंदिर में अध्यक्ष रुचि सिंगला की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में हरियाली तीज, वृक्षारोपण और सामाजिक गतिविधियों को लेकर विस्तार से चर्चा कर कई प्रस्तावों पर सहमति बनी। महिलाओं ने निर्णय लिया कि सावन माह और वर्षा ऋतु के दौरान उपयुक्त स्थान का चयन कर पौधरोपण किया जाएगा। वक्ताओं ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा लगाना और उसकी देखभाल करना चाहिए। बैठक में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ऊषा सुनील सिंगला ने भी अपने विचार रखे। अंत में अध्यक्ष रुचि सिंगला ने सभी का आभार व्यक्त किया।

पोरसा में 29 को मनेगी दक्ष प्रजापति की जयंती

नवभारत न्यूज

मुरैना/पोरसा, 26 जुलाई । गुरु पूर्णिमा के अवसर पर 29 जुलाई को महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती कस्बा पोरसा स्थित प्रजापति धर्मशाला एवं नव निर्माण छात्रावास में भव्य रूप से मनाई जाएगी। आयोजन की तैयारियां तेज हो गई हैं और इसे लेकर समाज के युवाओं में खासा उत्साह है। तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए आयोजित बैठक में समाज के सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। समाजसेवी संतोष प्रजापति ने अधिक से अधिक लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज की एकताए संस्कृति और परंपराओं को मजबूत करते हैं। बैठक में स्वागत, मंच संचालन सहित विभिन्न व्यवस्थाओं की जिम्मेदारियां युवाओं को सौंपी गईं तथा आयोजन को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया गया।

अमेरिकी साम्राज्यवाद के समक्ष समर्पण मंजूरी नहीं : तिवारी

कैलारस में शैलेन्द्र शैली की स्मृति में व्याख्यानमाला कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज

मुरैना/कैलारस, 26 जुलाई । कस्बा कैलारस के किसान भवन में आयोजित शैलेंद्र शैली स्मृति व्याख्यान में किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक तिवारी ने कहा कि देश ने ब्रिटिश उपनिवेशवाद के खिलाफ लंबा संघर्ष कर आजादी हासिल की थी और अब अमेरिकी साम्राज्यवाद के सामने समर्पण स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पहले अंग्रेजों से लड़े और जीतेए अब अमेरिकी साम्राज्यवाद के खिलाफभी संघर्ष होगा।

कार्यक्रम से पहले शैलेंद्र शैली की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। व्याख्यान का विषय आज की दुनिया और भारत रहा। कार्यक्रम में राजेश गुप्ता ने विषय प्रवर्तन किया तथा संचालन गयाराम सिंह धाकड़ ने किया। अशोक तिवारी ने देश की वर्तमान परिस्थितियों पर विचार रखते हुए आने वाले समय में जनसंघर्ष तेज करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

टीकरी में ग्रामीणों को दिलाया नशामुक्ति का संकल्प

मुरैना, 26 जुलाई । नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत थाना देवगढ़ पुलिस ने ग्राम टीकरी में जनचौपाल आयोजित कर ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। थाना प्रभारी उपनिरीक्षक जयपाल सिंह गुर्जर ने बताया कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार, सामाजिक जीवन और आर्थिक स्थिति पर गंभीर असर डालता है। कार्यक्रम में ग्रामीणों से नशे से दूर रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा नशामुक्त समाज के निर्माण में सहयोग करने की अपील की गई। साथ ही अवैध मादक पदार्थों की बिक्री या सेवन की जानकारी तत्काल पुलिस को देने का आग्रह किया गया। जनचौपाल में उपस्थित लोगों ने नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय सहयोग का संकल्प लिया।

मुनि संघों के मंगल नगर प्रवेश से पहले पूर्व लिया आशीर्वाद

आष्टा. नगर में आयोजित होने वाले चातुर्मास एवं दोनों दिगंबर जैनमुनि संघों के मंगल नगर प्रवेश से पहले पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार ने साथियों के साथ हाईवे पर मुनिराजों को श्री फल भेंट कर दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया. पूर्व नपाध्यक्ष श्री परमार सबसे पहले इंदौर-भोपाल हाईवे स्थित मालीपुरा के समीप पहुंचे, जहां 108 मुनि सागर महाराज एवं ऐलक श्री 108 मंथन सागर महाराज ससंघ के दर्शन कर धर्मलाभ प्राप्त किया. इसके पश्चात वे भोपाल-इंदौर हाईवे पर सेंधोखेड़ी के समीप पहुंचे, जहां परम पूज्य सन्मति रत्न आचार्य श्री 108 सुबल सागर महाराज के आज्ञानुवर्ती शिष्य मुनि श्री 108 अभेद सागर महाराज एवं नगर गौरव मुनि श्री 108 अगर्भ सागर महाराज ससंघ के दर्शन कर उनका आशीर्वाद लिया.

धर्मेन्द्र प्रधान का इस्तीफा छात्रों व कांग्रेस के संघर्ष की जीत

नवभारत न्यूज

मुरैना, 26 जुलाई । केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद जिला कांग्रेस कमेटी और उत्तर शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने रविवार को पुरातत्व संग्रहालय से गांधी बाल निकेतन तक विजय मार्च निकाला। मार्च में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए और महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पहुंचकर सभा आयोजित की।

सभा को संबोधित करते हुए पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष दीपक शर्मा ने इस्तीफे को छात्रों और कांग्रेस के संघर्ष की जीत बताया। उन्होंने नीट परीक्षा मामले में मृत छात्रों के परिजनों को 1 करोड़ मुआवजा तथा आंदोलनकारी छात्रों पर कार्रवाई करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाने की मांग की।

ब्लॉक अध्यक्ष विनोद शर्मा समेत अन्य नेताओं ने भी केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि छात्रों का संघर्ष व्यर्थ नहीं जाएगा। कार्यक्रम में कांग्रेस के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अतुल माहेश्वरी पुन : सेवा भारती के जिलाध्यक्ष बने

मुरैना, 26 जुलाई । सेवा भारती जिला मुरैना की वार्षिक बैठक आनंद धाम परिसर में आयोजित हुई, जिसमें आगामी सत्र के लिए नई जिला समिति एवं नगर कार्यकारिणी की घोषणा की गई। सर्वसम्मति से अतुल माहेश्वरी को पुन: जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। बैठक में संस्था का वार्षिक प्रतिवेदन एवं आय.व्यय का ब्यौरा भी प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम में नेत्रहीन विद्यालय के बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि उद्योगपति सुरेशचंद जिंदल ने सेवा कार्यों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए नवगठित टीम को शुभकामनाएं दीं।

नवनियुक्त जिला अध्यक्ष अतुल माहेश्वरी ने शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कार एवं सेवा के प्रकल्पों को और प्रभावी बनाने का संकल्प दोहराते हुए समाज से सहयोग की अपील की। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान एवं राष्ट्रसेवा के संकल्प के साथ हुआ।

72 छात्रावासों में गूंजा नशा मुक्ति का संदेश, 1500 ने ली शपथ

नवभारत न्यूज

मुरैना, 26 जुलाई । पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत मुरैना पुलिस और आदिमजाति कल्याण विभाग ने जिले के 72 शासकीय छात्रावासों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। इनमें 1500 से अधिक छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देकर नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नशामुक्ति, मानसिक स्वास्थ्य और आत्महत्या रोकथाम से जुड़ी हेल्पलाइन की जानकारी भी दी गई। अंत में सभी विद्यार्थियों ने नशा न करने, दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने तथा नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने की सामूहिक शपथ ली। पुलिस ने बताया कि अभियान के तहत जिलेभर में विद्यालयों, महाविद्यालयों, ग्राम पंचायतों और सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता गतिविधियां लगातार जारी रहेंगी।

कार्यकर्ताओं के साथ राय ने सुनी मन की बात

नवभारत न्यूज

सीहोर 26 जुलाई. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रसारित मन की बात कार्यक्रम को विधायक सुदेश राय और भाजपा कार्यकर्ताओं ने कार्यालय में बैठकर टेलीविजन पर सुना और देखा. इस अवसर पर विधायक सुदेश राय ने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री ने लोकल उत्पादों के इस्तेमाल पर बल दिया और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया. हरियाली के लिए एक पेड़ मां के नाम अभियान देशभर में सफल हो रहा है. प्रकृति के लिए प्लास्टिक खतरनाक है प्लास्टिक के उपयोग से बचना जरूरी है और प्लास्टिक का रीसायकल भी अति आवश्यक है. विधायक राय ने बताया कि प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम के जरिए गणेश उत्सव में भगवान गणेश की मिट्टी की प्रतिमाएं बनाने का आह्वान किया.

मेगा महिला स्वास्थ्य शिविर का महिलाओं ने लिया लाभ

सीहोर. मेगा महिला शिविर में जिले सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से महिलाओं ने चिकित्सकों से स्वास्थ्य परामर्श, जांच एवं उपचार का लाभ प्राप्त किया अटल अस्पताल द्वारा आयोजित तीन दिवसीय शिविर संपन्न हो गया. शिविर के दौरान कुल 18 महिलाओं ने मरीजों को आधुनिक तकनीक से उपचार एवं ऑपरेशन संबंधी परामर्श भी दिया गया. स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञों द्वारा गर्भाशय संबंधी समस्याएं, अनियमित मासिक धर्म, श्वेत प्रदर, अंडाशय की गांठ सहित विभिन्न महिला रोगों की जांच की गई. आवश्यकता अनुसार मरीजों को आधुनिक तकनीक से उपचार एवं ऑपरेशन संबंधी परामर्श भी दिया गया. अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि शिविर का उद्देश्य महिलाओं को बेहतर एवं विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना था.

आम सूचना

श्रीमती रामरती पत्नी श्री दिलीप सिंह के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड, स्थित ग्राम मुरैनागांव, तहसील एवं जिला मुरैना (म.प्र.) है जो नगर पालिका निगम मुरैना वार्ड क्र.06 शास्त्री वार्ड में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.827 ग्राम मुरैनागांव का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 500 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है:- पूर्व में-भूमि अन्य, पश्चिम में-रास्ता 20 फुट चौड़ा, उत्तर में-भूखण्ड रिंकू एवं दक्षिण में-सम्पति भूमि है। उक्त सम्पति एवं संलग्न अन्य सम्पति पूर्व में श्री हाकिम शर्मा एवं श्री पुरूषोतम पुत्रगण श्री गंगाप्रसाद शर्मा के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री हाकिम शर्मा द्वारा उक्त सम्पति के सम्बन्ध में श्री राकेश शर्मा पुत्र श्री हाकिम शर्मा के पक्ष में ई-रजिस्टर्ड मुख्त्यारआम विलेख क्रमांक एमपी25792019ए4220995 दिनांक 29.03.2019 को सम्पादित किया गया था। श्री हाकिम शर्मा जर्ये मुख्त्यारआम श्री राकेश शर्मा द्वारा उक्त सम्पति श्रीमती रामरती पत्नी श्री दिलीप सिंह को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी 25792019ए1369145 दिनांक 01.06.2019 से विक्रय की गई थी। श्रीमती रामरती द्वारा उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार सम्मान कैपीटल लिमिटेड, सिटी सेन्टर, ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पति को उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर दस्तावेज होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो.

प्रेषक **नीरज जैन** (एडवोकेट)
कार्या. भवन क्र.52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास, सिटी सेंटर, ग्वालियर (म.प्र.)
मो.नं. 98276-72710